# भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा सिरसा

वर्ष 1975 से जिला सिरसा में रैडक्रॉस सोसायटी का गठन किया गया, तभी से यह संस्था दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याणार्थ कार्य कर रही है। इस संस्था का मुख्य उद्देष्य जख्मी व बीमार व्यक्तियों की सहायतार्थ, अस्पताल कल्याण, सैनिकों को राहत पहुंचाना, मातृ एवं षिषु कल्याण, परिवार नियोजन कार्यक्रम, रक्तसंचार सेवाएं व प्राकृतिक आपदा आने पर राहत प्रदान करना है।

यह संस्था मान्नीय उपायुक्त महोदय सिरसा के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्षन में कार्यरत है। इस संस्था की वर्ष 2024–25 (दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक) की उपलब्धियाँ इस प्रकार हैः–

**1.रक्तदान सेवाएंः–**

रक्तदान के क्षत्र में पूरे हरियाणा में सिरसा जिला प्रथम अथवा द्वितीय स्थान पर रहा है। इस वर्ष संस्था द्वारा 194 रक्तदान षिविरों का आयोजन करके कुल 9873 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सिरसा जिला पहला ऐसा जिला है जहाँ पर रक्त देने पर उसके बदले में रक्त नहीं लिया जाता।






## 2.अस्पताल कल्याण अनुभाग सिरसा:

अस्पताल कल्याण अनुभाग द्वारा निम्नलिखित 6 हैल्थ चैक–अप कैम्पों का आयोजन किया गया जिसका विवरण इस प्रकार है :–

| Sr.No. | Date | Place of Camp | TOTAL PATIENT |
|---|---|---|---|
| 1- | 09-04-2025 | New Life Care Hospital, Sirsa | 55 |
| 2- | 09-05-2025 | -do- | 65 |
| 3- | 09-06-2025 | -do- | 56 |
| 4- | 09-07-2025 | -do- | 68 |
| 5- | 09-09-2025 | -do- | 60 |
| 6- | 09-10-2025 | -do- | 50 |

इन शिविरों में निःशुल्क ओ.पी.डी, के साथ–साथ शूगर व ई.सी.जी.टैस्ट की सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की गई।





**3.प्राथमिक सहायता/गृह परिचर्या प्रषिक्षण :**

संस्था द्वारा विद्यालयों, फक्ट्रियों, शैक्षणिक एवं व्यवसायिक संस्थानों में प्राथमिक सहायता व गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस वित्त वर्ष में इस वर्ष संस्था द्वारा रैडक्रॉस कार्यालय में कण्डक्टर श्रेणी के 1232. व्यक्तियों को प्राथमिक सहायता, 14 व्यक्तियों को गृह परिचर्या, 83 व्यक्तियों को सी.पी.आर.ट्रेनिंग तथा विद्यालयों में 1480 छात्र/छात्राओं को प्राथमिक सहायता/गृह परिचर्या का प्रषिक्षण प्रदान किया गया।

**4.वाहन चालक लाईसैंस के लिए एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट–एड–ट्रेनिंग :**

संस्था द्वारा वाहन चालक बनवाने वाले इच्छुक व्यक्तियों को एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट–एड–ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है तथा जिला के 12468 व्यक्तियों को एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट–एड–ट्रेनिंग प्रदान की गई।

**5.मातृ एवं षिषु कल्याण केन्द्र**

संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में परिवार नियोजन केन्द्र व मातृ एवं षिषु कल्याण केन्द्र चलाया जा रहा है । इस केन्द्र में गर्भवती महिलाओं व नवजात बच्चों को टीकाकरण की सुविधा निःषुल्क प्रदान की जा रही है। केन्द्र द्वारा 2760 कण्डोम, 38 कॉपर–टी, 333 खाने की गोलियां व 39 Sterlization, 10 e-pill के केस करवाए गए। इसके अतिरिक्त 50 टैटनस टॉक्साईड Mother, 121 टैटनस टॉक्साईड Children, 341 डी.पी.टी., 184 पैन्टा इन्जैक्षन, 638 विटामिन–ए सोलुषन, 184 Rotavirus Drops, 367 OPV Drops, 382 IPV Injection, 382 PCV Injection व 357 MR Injection बच्चों व महिलाओं को निशुल्क लगाए गए।



**6.कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण**

जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा अलीम्को मोहाली के सहयोग से जिला सिरसा के प्रत्येक खण्ड में दिव्यांग व्यक्तियों की सहायतार्थ 'दिव्यांग जाँच शिविर'' का आयोजन 10 जुलाई से 16 जुलाई तक किया गया जिसमें 695 दिव्यांग व्यक्तियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण लेने हेतु करवाया गया।

उक्त शिविरों में जिन दिव्यांगों की पहचान कृत्रिम अंग व सहायक उपकरणों हेतु की गई, उन्हें दिनांक 26.03.2025 व 27.03.2025 को ''चौ0 देवी लाल यूनिवर्सिटी सिरसा'' में निम्नलिखित कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित किए गएः–

| S.No. | Item | Quantity |
|---|---|---|
| 1- | Tricycles | 145 |
| 2- | Motorized tricycles | 225 |
| 3- | Hearing Aids | 306 |
| 4- | Wheel Chair | 122 |
| 5- | Motorized wheel chair | 0 |
| 6- | Blind Sticks | 0 |
| 7- | Walking Sticks | 24 |
| 8- | Crutches | 96 |
| 9- | Jaipur Foot | 0 |
| 10- | Prosthesis | 4 |
| 11- | Caliper | 19 |
| 12- | Air battery | 0 |
| 13- | MSIED Kit | 0 |
| 14- | Smart Cane | 2 |
| 15- | Smart Phone | 0 |
| 16- | Rolator | 4 |
| 17- | C.P.Chair | 4 |
| 18- | Other Items | 29 |
| | Total Beneficiaries | 695 |
| | Amount Spent | 1,74,55,907-00 |

**7.प्राकतिक आपदा कोष**

संस्था द्वारा प्राकृतिक आपदा कोष के नाम से अलग से बैंक में बचत खाता खोला हुआ है। इस कोष से किसी भी प्राकृतिक आपदा के समय तुरन्त सहायता प्रदान की जाती है।

8. **टी.आई. प्रोजैक्ट**

हरियाणा राज्य एड्ज कन्ट्रोल सोसायटी के अर्न्तगत जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा जिला सिरसा में टी.आई.प्रोजैक्ट चलाया जा रहा है। इस प्रोजैक्ट में 3 प्रकार का वर्गीकरण है, जैसेः–

1.FSW (Female Sex Worker)

2.इंजैक्शन द्वारा नशा करना IDU's(Injecting Drug User)

3.आदमी द्वारा आदमी से संबंध MSM(Male having sex to male)

इस परियोजना का मुख्य उद्देष्य लोगों को एच.आई.वी. के बारे में जागरूक करना है।

**9.टी.बी. प्रोजैक्ट**

राज्य मुख्यालय के निर्देषानुसार संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से टी.बी.प्रोजैक्ट चलाया जा रहा है। इस प्रोजैक्ट में चार वालंटियर की नियुक्ति की हुई है जो भिन्न–2 खण्डों से टी.बी. से रोगियों की पहचान करके उन्हें ईलाज के लिए प्रेरित करके सामान्य अस्पताल सिरसा में भेज रहे हैं।

इस वित्त वर्ष में संस्था द्वारा निम्नलिखित टी.बी.स्क्रीनिंग एवं हैल्थ चैक–अप कैम्प का आयोजन किया गयाः–

| दिनांक | स्थान |
|---|---|
| 28.06.2024 | जिला रैडक्रॉस सोसायटी, सिरसा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ''ढाणी लखजी, ऐलनाबाद'' में ''क्षय रोग एवं स्वास्थ्य जॉंच शिविर'' का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डा0 अतुल, आयुर्वेदिक मैडीकल ऑफिसर,उपमण्डल सामान्य अस्पताल ऐलनाबाद द्वारा किया गया। इस शिविर में कुल 125 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई तथा रोगियों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। |

## अन्य कार्यः–

1. रैडक्रॉस के जन्मदाता सर जीन हैनरी ड्यूना के जन्म दिवस पर भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार 8 मई, 2025 को संस्था द्वारा भिन्न–2 विद्यालयों, कॉलेजों व विश्वविद्यालय में जाकर सम्पर्क करके निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गएः–

| दिनांक | स्थान | विवरण |
|---|---|---|
| 08.05.2024 | राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा | 200 छात्र–छात्राओं को बेसिक फर्स्ट–एड व सी.पी.आर.का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। |
| ,, | स्वामी विवेकानन्द वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरनियांवाली | 300 छात्र–छात्राओं को बेसिक फर्स्ट–एड व सी.पी.आर.का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। |
| ,, | ''जे.सी.डी.मैमोरियल पी.जी. कॉलेज, सिरसा | 40 छात्र–छात्राओं को बेसिक फर्स्ट–एड व सी.पी.आर.का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। |
| ,, | लॉर्ड शिवा स्कूल ऑफ नर्सिंग, सिरसा | 100 छात्राओं को बेसिक फर्स्ट–एड व सी.पी.आर. का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। |
| ,, | रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा | 30 छात्र–छात्राओं को बेसिक फर्स्ट–एड व सी.पी.आर.का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। |

विश्व रैडक्रॉस दिवस के अवसर पर लॉर्ड शिवा स्कूल ऑ नर्सिंग सिरसा की छात्राओं द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई तथा दिनांक 09.05.204 का ''न्यू लाईफ केयर अस्पताल, सिरसा'' में एक ''निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 65 रोगियों की जाँच निःशुल्क की गई।संस्था द्वारा ''विश्व रैडक्रॉस दिवस–2024'' के अवसर पर निम्नलिखित रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गयाः–

| दिनांक | रक्तदान शिविर स्थल | रक्त यूनिट एकत्रित |
|---|---|---|
| 05.05.2024 | सन्त निरंकारी सत्संग भवन,बालासर रोड़, रानियां (जिला सिरसा) | 106 यूनिट |
| 07.05.2024 | लॉर्ड शिवा ग्रुप ऑफ फार्मेसी सिरसा | 21 यूनिट |
| 08.05.2024 | स्वामी विवेकानन्द वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव अरनियांवाली(जिला सिरसा) | 40 यूनिट |
| 10.05.2024 | नचिकेतन पब्लिक स्कूल, ऐलनाबाद (जिला सिरसा) | 72 यूनिट |

2. रैडक्रॉस भवन, रानियां बाजार सिरसा में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को 3 जून, 2024 को ''विश्व साईकिल दिवस'' के बारे में जागरूक किया गया



3. ''विश्व पर्यावरण दिवस'' के अवसर पर 5 जून, 2024 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरेकां, रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार, सामुदायिक केन्द्र बरनाला रोड़ सिरसा व चौ0 देवी लाल पार्क सिरसा में पौधारोपण किया गया।




4. जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा रैडक्रॉस भवन परिसर, रानियां बाजार सिरसा में नशीली दवाओं के दुरूपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ 26 जून, 2024 को ''अन्तर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस'' का आयोजन किया गया जिसमें प्रोफैशनल प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।




5. संस्था द्वारा 11 जुलाई से 16 जुलाई, 2024 तक 16 विद्यालयों में सी.पी.आर. जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें 5066 विद्यार्थियों को सी.पी.आर. का प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया गया।






6. संस्था द्वारा 24 जुलाई से 2 अगस्त, 2024 तक जिला सिरसा के 7 खण्डों में मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत कुल 263 मेटों व ग्राम रोजगार सहायकों को बेसिक प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण सी.पी.आर. डैमो सहित प्रदान किया गया ।






7. **''हर घर तिरंगा अभियान'' के तहत संस्था द्वारा सिरसा शहर के भिन्न–2 बाजारों में ''पैदल तिरंगा यात्रा''  निकाली गई।**



**8.** इस वित्त वर्ष में संस्था द्वारा निम्नलिखित नशामुक्ति सैमीनार का आयोजन किया गयाः–

| दिनांक | स्थान |
|---|---|
| 05.04.2024 | जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को ''जिला स्तरीय नशामुक्ति जागरूकता अभियान'' चलाया जाता है। इसी कड़ी में रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में प्रोफैशनल फर्स्ट–एड ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को जिला सिरसा को नशामुक्त करने के लिए जागरूक किया गया । |
| 07.06.2024 | –सम– |
| 05.08.2024 | संस्था द्वारा पी.एन.बी.ग्रामीण स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में नशामुक्ति जागरूकता सैमीनार का आयोजन किया गया। |
| 2024 | जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा रैडक्रॉस भवन में कण्डक्टर श्रेणी के लिए प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को नशामुक्ति, स्वच्छ वातावरण, यातायात नियमों व रैडक्रॉस के आजीवन सदस्य व स्वयंसेवक बनने के प्रति जागरूक किया गया। |
| 06.12.2024 | प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को ''जिला स्तरीय नशामुक्ति जागरूकता अभियान'' चलाया जाता है। इसी कड़ी में रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में प्रोफैशनल फर्स्ट–एड ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को जिला सिरसा को नशामुक्त करने के लिए जागरूक किया गया । |
| 20.12.2024 | जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से गांव बाजेकां में ''एक दिवसीय नषामुक्ति सेमिनार'' का आयोजन '' किया गया |

| | |
|---|---|
| | जिसमें 400 ग्रामीणों व छात्र–छात्राओं ने भाग लिया |
| 03.01.2025 | प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को ''जिला स्तरीय नशामुक्ति जागरूकता अभियान'' चलाया जाता है। इसी कड़ी में रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में प्रोफैशनल फर्स्ट–एड ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को जिला सिरसा को नशामुक्त करने के लिए जागरूक किया गया । |
| 07.02.2025 | –सम– |
| 12.03.2025 | संस्था द्वारा पी.एन.बी.ग्रामीण स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में नशामुक्ति जागरूकता सैमीनार का आयोजन किया गया। |
| 21.03.2025 | दिनांक 21.03.2025 को ''नीम वाला चौंक, गांव भावदीन (जिला सिरसा) में ''एक दिवसीय जिला स्तरीय नशामुक्ति सेमिनार'' का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ड्रग कन्ट्रोल ऑफिसर, फार्मेसी एसोसियेशन तथा नजदीकी गांवों के सरंपच भी उपस्थित हुए। |






हरियाणा

# नशा मुक्त समाज के लिए आमजन का सहयोग जरूरी : एएसपी उत्तम

- गांव भावदीन में जिला स्तरीय नशा मुक्ति सेमिनार का आयोजन
- युवाओं ने लघु नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

सिरसा (कश्मीर कांबोज)।

पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शुक्रवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा गांव भावदीन में जिला स्तरीय नशा मुक्ति सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एएसपी उत्तम पहल व डीएसपी विकास कृष्ण ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस दौरान लघु नाटिका के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया और नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

एएसपी उत्तम पहल ने सेमिनार में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए नशे के खिलाफ हम सबको मिलकर आवाज उठानी होगी, ताकि समाज से इस बुराई को जड़ से खत्म किया जा सके। पुलिस न केवल नशा को खत्म करने की दिशा में पूरा प्रयास कर रही है, बल्कि जो व्यक्ति नशे से पीड़ित हैं, उनके इलाज में भी सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के इस अभियान में आमजन की भागीदारी जरूरी है, इसलिए नशा मुक्त समाज बनाने के लिए आमजन पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और दोषी व्यक्ति का पक्ष न लें। उन्होंने कहा कि गांव में नशा मुक्ति के लिए कमेटी बनाई जाए, जो युवाओं को नशे की जद से दूर रखते हुए खेलों की ओर बढ़ने को प्रेरित करें। एएसपी ने कहा कि जो लोग नशे का कारोबार करते हैं, उनकी सूचना भी पुलिस को दें और इसके साथ ही जो युवा नशा से पीड़ित हैं, उनकी जानकारी भी पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन उनका निःशुल्क इलाज करवाने में मदद करेगा।

वहीं, पुलिस उप अधीक्षक विकास कृष्ण ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए हम सबको आज ही नशा को खत्म करने का संकल्प लेना होगा, इसकी शुरूआत स्वयं से व अपने परिवार से करनी होगी। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों को अच्छे संस्कार दें, ताकि वे नशे से दूर रहें और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोगी बन सकें। इस दौरान उन्होंने सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलवाई। उन्होंने कहा कि पुलिस नशा मुक्ति के लिए लगातार काम कर रही है। सभी ग्रामीण इसमें अपना पूर्ण सहयोग करें, ताकि गांव व जिला को नशा मुक्त किया जा सके।

एक दिवसीय सेमिनार में गांव नेजाडेला कलां के युवाओं ने नशे पर आधारित लघु नाटिका का मंचन कर उपस्थित जन को नशे के खिलाफ जागरूक किया, वहीं रेडक्रॉस सचिव लाल बहादुर बैनीवाल, कालांवाली से शमशेर सिंह, मेडिकल ऑफिसर संजमप्रीत सिंह ने नशा से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा एक दिवसीय नशा मुक्ति सेमिनार में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली ने भी गीतों के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। गांव भावदीन के सरपंच गुरेंद्र ने पुलिस प्रशासन को आश्वासन दिया कि गांव की ओर से नशा मुक्ति अभियान में पूरा सहयोग दिया जाएगा।




9. हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा विद्यार्थियों के लिए पाँच दिवसीय ''जिला स्तरीय जूनियर रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर'' 02.09.2024. से 06.09.2024 तक ''भाई कन्हैया शिक्षा संस्थान, गांव मोरीवाला (जिला सिरसा)'' में आयोजित गया। इस शिविर में जिला के भिन्न–भिन्न 16 विद्यालयों से 128 छात्र–छात्राएं तथा काउंसलर ने भाग लिया।






10. जिला सिरसा में लोकसभा व विधानसभा चुनावों में 100 प्रतिशत मतदान के लिए भिन्न–2 स्थानों पर निम्नलिखित मतदाता जागरूकता अभियान चलाए गएः–

| दिनांक | स्थान |
|---|---|
| 01.04.2024 | आर.पी.सीनियर सकैण्डरी स्कूल, गांव खैरेकां में एन.एस.एस. कैम्प में भाग लेने वाले युवा विद्यार्थियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इस शिविर में 15 भिन्न–2 विद्यालयों के 150 प्रतिभागी उपस्थित थे। |
| 03.04.2024 | रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में प्रोफैशनल प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विभिन्न गांवों से आए प्रशिक्षणार्थियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया तथा मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई गई। |
| 04.04.2024 | राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा की छात्राओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। |
| 08.04.2024 | रैडक्रॉस कार्यालय, सामुदायिक केन्द्र, बरनाला रोड़, सिरसा। |
| 10.04.2024 | पी.एन.बी.ग्रामीण स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में भिन्न–भिन्न गांवों से आई हुई महिलाएं जो कि सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। |
| 16.04.2024 | रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में चलाए जा रहे आधार कार्ड केन्द्र में आधार कार्ड ठीक करवाने/संशोधन करवाने के लिए आए हुए व्यक्तियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। |
| 18.04.2024 | मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भारत सैनिक सीनियर सकैण्डरी स्कूल सिरसा मेंयुवा विद्यार्थियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। |
| 02.05.2024 | मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ''अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस'' के अवसर पर स्थानीय सुरखाब चौंक व घण्टाघर चौंक में मजदूरों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। |
| 14.05.2024 | रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में प्रोफैशनल प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विभिन्न गांवों से आए |

| | |
|---|---|
| | प्रशिक्षणार्थियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। |
| 16.05.2024 | मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चतरगढ़ पट्टी, सिरसा में छात्र–छात्राओं व अध्यापकों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। |
| 17.05.2024 | मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज गांव कर्मगढ़ में ईंट भट्ठे पर कार्य करने वाली लेबर को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। |
| 21.05.2024 | मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज ग्रामीण स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में बकरीपालन का प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। |
| 11.09.2024 | पी.एन.बी.ग्रामीण स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में डेयरी फार्मिग का प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। |
| 20.09.2024 | रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में प्रोफैशनल प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विभिन्न गांवों से आए प्रशिक्षणार्थियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया तथा मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई गई। |
| 24.09.2024 | पी.एन.बी.ग्रामीण स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में कम्प्यूटर का प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। |






11. राज्य मुख्यालय चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार संस्था द्वारा ***20 जनवरी से 24 जनवरी, 2025 तक*** "जे.सी.डी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बरनाला रोड़, सिरसा" में 'जिला स्तरीय यूथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर' का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में चौ0 देवी लाल यूनिवर्सिटी सिरसा के अधीन आने वाले 14 कॉलेजों की टीमों के कुल 117 प्रशिक्षणार्थीयों, 10 वालंटियर व रैडक्रॉस स्टॉफ ने भाग लिया।






12. संस्था द्वारा दिनांक 26 जनवरी, 2025 को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर रैडक्रॉस की गतिविधियों से संबंधित झांकी का प्रदर्षन ''श्षहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा'' में किया गया।




13. खुले में सो रहे लोगों को सर्दियों से बचाव के लिए संस्था द्वारा 85 कम्बल वितरित किए गए।

सचिव,
जिला रैडक्रॉस सोसायटी,सिरसा।